**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी  उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे। श्री मोदी ने कहा–

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्र के दौरान शक्ति की उपासना की जाती है। कारोबार, खेल और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक–हर क्षेत्र में बेटियां अपनी पहचान बना रही हैं। श्री मोदी ने नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों की उपलब्धि की चर्चा की जो नाविका सागर परिक्रमा के दौरान आठ महीने तक समुद्र में रहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब छठ पूजा एक वैश्विक उत्सव में बदल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा–

## मुख्यमंत्री मन की बात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज "मन की बात" कार्यक्रम को बैरसिया के जगदीशपुर सुना। उनके साथ स्वयं सहायता समूह की बहनों ने भी प्रधानमंत्री की बात को सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने लोगों को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी और स्वदेशीकरण अभियान को निरंतर बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। श्री यादव ने कहा कि भाई दूज से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए महीने दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने "एक बगिया मां के नाम" अभियान अंतर्गत 3 पौधे भी भेंट किए।

## नवरात्रि पर्व

नवरात्र पर्व में आज पँचमी के मौके पर विशेष अनुष्ठान–पूजन–अर्चन किया जा रहा है। नर्मदापुरम में नवरात्र पर देवी मंदिरों और अनेक स्थानों में विराजित दुर्गा–काली पंडालों में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। सिवनी मालवा के पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल में शनिवार शाम को गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि 'सेवा पखवाड़ा' के प्रमुख विषयों को नौ देवियों के प्रतीकात्मक स्वरूपों के माध्यम से समाज तक पहुंचाया गया। उधर, जबलपुर के के सराफा नुनहाई क्षेत्र में स्थापित 'नगर जेठानी' माता के दर्शन के लिए भक्त उमड़ रहे हैं। यहां मां की प्रतिमा केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि 157 साल से चली आ रही एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक है।

## समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में मूसलाधार बारिश के बाद इस साल का सामान्य बारिश का कोटा पूरा कर दिया है। आज तक जिले में औसतन 54.62 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। साल 2022 के बाद लगातार कोटा पूरा नहीं हो पा रहा था।
- एम्स भोपाल की डॉ. पूजा सोनी को दुर्लभ आनुवंशिक विकार पर सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र का पुरस्कार मिला है।
- कटनी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत, जिले में 5 हजार 532 नए परिवारों के कुल 16 हजार 552 सदस्यों की पात्रता पर्ची  स्वीकृत कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।
- बड़वानी में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिले में कल ग्रीन कमाण्डों अभियान का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने पीएम श्री कालेज शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी से किया। इस दौरान उन्होने 136 टीमों के वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- ग्वालियर जिले में 17 सितम्बर को "सेवा पखवाड़ा", "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" एवं पोषण अभियान का भव्य शुभारंभ ग्वालियर बाल भवन में सांसद भारत सिंह कुशवाह के मौजूदगी  में किया गया।

- 'मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव डॉ.अवधेश प्रताप सिंह' को उनकी 40 वर्षों की उत्कृष्ट शासकीय सेवा, विशेष रूप से प्रमुख सचिव के रूप में उनके सुदीर्घ, प्रभावी एवं अनुकरणीय कार्य संचालन के लिए सम्मानित किया गया। यह गरिमामय सम्मान इंदौर से आकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

------------------------------